हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 कैथल पुलिस का सूदखोरों पर शिकंजा, चार ...



12 जुलाना क्षेत्र में फल एवं सब्जी की खेती नहीं होने के ...



## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन छीनने पर अज्ञात के खिलाफ केस

**जींद।** गांव फरैण कलां के निकट शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने बाइक सवार से मोबाइल फोन छीन लिया और बाइक के साथ तोडफ़ोड़ की। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी करने, तोडफ़ोड़ करने का मामला दर्ज किया है। घटना को अजांम देकर आरोपित फरार हो गया। शिकायत के आधार पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी तथा तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर छह नामजद

**जींद।** गांव कंडेला में रजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी परमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुनील से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते सुनील तथा उसके साथियों ने गांव कंडेला के निकट घेर लिया और हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### हमला कर घायल करने पर छह पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव गतौली में हमला कर युवक को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गतौली निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गांव के ही प्रवीण से कहासुनी हो गई थी। जिस पर प्रवीण ने अपने साथियों के साथ मिल कर उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। जुलाना थाना पुलिस साहिल की शिकायत पर प्रवीण, मंदीप को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामराय में रक्तदान शिविर 17 को

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 17 सितंबर को किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है।

### 19 को डीसी को ज्ञापन सौंपेगी समिति

**जींद।** अलेवा बस अड्डे के पास बनी धर्मशाला में रविवार को जमीन बचाओ समिति की बैठक हुई। इसमें अलेवा ब्लॉक के 12 गांवों के किसानों, मजदूरों व आम ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धर्मपाल नगूरां ने की। बैठक में ग्रामीणों की जमीन बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 19 सितंबर को उपायुक्त जींद को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**रोष :** खफा परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल के शटर पर जड़ा ताला

# सफीदों में जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों ने काटा बवाल

**बोर्ड से पोस्टमार्टम तथा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर माने परिजन**

*परिजनों के बिफरने की सूचना मिलने पर शहर थाना सफीदों प्रभारी तथा सदर थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का आश्वासन देकर जच्चा-बच्चा के शव का नागरिक अस्पताल पहुंचाया।*



- जच्चा-बच्चा के शव को निजी अस्पताल के बाहर रख जताया रोष
- शहर तथा सदर थाना सफीदों पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति को संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जच्चा-बच्चा की मौत को लेकर रविवार को सफीदों के निजी अस्पताल के सामने परिजनों ने जमकर बवाल काटा। खफा परिजनों ने जच्चा-बच्चा के शव को अस्पताल के गेट के सामने रख कर विरोध जताना शुरू कर दिया। अस्पताल के शटर को बंद कर उस पर ताला लगा दिया। परिजनों के बिफरने की सूचना मिलने पर शहर थाना सफीदों प्रभारी तथा सदर थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का आश्वासन देकर जच्चा-बच्चा के शव का नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से जच्चा व बच्चा के शव को खानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।







**जींद।** अस्पताल के बाहर रोष व्यक्त करते हुए परिजनों को समझाते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### की जा रही जांच

जच्चा च बच्चा के शवों का पोस्टमार्टम खानपुर पीजीआई में चिकित्सक बोर्ड से करवाया गया है। अस्पताल से इलाज के दस्तावेज मांगे गए हैं। जिसके आधार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।
- **दिनेश कुमार**, शहर थाना सफीदों प्रभारी

### यह है मामला

असंध निवासी साहिल की पत्नी आरती (28) को प्रसव पीड़ा के चलते गत दिवस सफीदों के अशोक वरदान अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां पर आरती ने लड़की को जन्म दिया। डिलीवरी के दौरान खून ज्यादा निकलने से आरती के हालात बिगड़ गए। जिस पर आनन-फानन में उसे खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया गया। जबकि नवजात को पानीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान वहां आरती तथा नवजात बालिका की मौत हो गई। जिस परिवार तथा रिश्तेदारों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने सफीदों के निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की।

### कार्रवाई की मांग

रविवार को परिजन तथा रिश्तेदार मृतका आरती तथा नवजात के शव को लेकर सफीदों अशोक वरदान अस्पताल के बाहर पहुंचे और शवों को बाहर रख हंगामा खड़ा कर दिया और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। कुछ समय तक एमजी रोड बाधित भी हुआ। परिजनों ने अस्पताल का शटर बंद कर ताला लगा दिया। परिजनों तथा रिश्तेदारों अस्पताल के बाहर जमावडा लगा रहा। मृतक के पति साहिल ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के दौरान चिकित्सक तथा स्टाफ ने लापरवाही बरती है। जिसके कारण खून बंद नही हुआ। रेफर करने के दौरान उन्हें जच्चा की फाइल भी नही दी गई।

### पुलिस ने संभाला

सफीदों के निजी अस्पताल के बाहर शव रखकर हगांमा करने की सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाने की कोशिश की लेकिन परिजन उग्र होने लगे। जिस पर सदर थाना प्रभारी डा. सुनील भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने तथा चिकित्सक तथा स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दोनों थाना प्रभारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने पर परिजन जच्चा-बच्चा के शव को उठाने को राजी हुए। जिसके बाद जच्चा-बच्चा के शव खानपुर पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया।

**छात्रों के लिए दाखिले का अंतिम अवसर**

# आईटीआई : 30 सितंबर तक करवाए जा सकेंगे दाखिले

***दो माह की दाखिला प्रक्रिया में भी नहीं भर पाई सीट***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा में सरकारी और प्राइवेट आईटीआई में दाखिला का एक और मौका स्टूडेंट्स को दिया गया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हरियाणा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2025-26 के लिए 'ऑन दा स्पॉट' दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह उन छात्रों के लिए अंतिम अवसर है जो अभी तक आईटीआई में दाखिला नहीं ले पाए हैं। बता दें कि प्रदेश में सरकारी और प्राइवेट मिलाकर लगभग 400 आईटीआई में 10 हजार के करीब सीटें खाली हैं। निदेशालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, 'ऑन दा स्पॉट' दाखिला प्रक्रिया 15 से 30 सितंबर तक संस्थान स्तर पर आयोजित की जाएगी। नए आवेदन 13 सितंबर से भरे जा सकते हैं।

### अंतिम अवसर



निदेशालय ने दाखिले का यह अंतिम अवसर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार 30 सितंबर तक अपना मेरिट कार्ड संस्थान में जमा करवाएं और अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ मौके पर दाखिला फीस ऑनलाइन जमा करवाने के लिए संस्थान में स्वयं उपस्थित हों।
-**सतीश मच्छाल**, जिला नोडल अधिकार आईटीआई

### महिलाओं ने पुत्रों की लंबी आयु के लिए रखा महालक्ष्मी का व्रत

**राजौंद।** नगर में पंजाबी समुदाय की महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु के लिए महालक्ष्मी का व्रत रखा, दुर्गा मंदिर में कथा का आयोजन किया गया। कथा के दौरान भारी संख्या में जहां महिलाओं ने मंदिर में कथा का आनंद लिया, वहीं अपने परिवार की सुख शांति की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्राद्धों में आने वाली सप्तमी व अष्टमी को महालक्ष्मी (धांगों का व्रत) पंजाबी समुदाय की महिलाएं अपने पुत्रों की लंबी आयु के लिए रखती है। सभी महिलाएं मंदिर में एकत्रित होती है, जहां कथा का आयोजन किया जाता है।

### अक्टूबर माह में उपभोक्ताओं को राशन में मिलेगा बाजरा

**जींद।** इस बार अक्टूबर माह में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अपने उपभोक्ताओं को राशन में गेहूं के साथ बाजरे का भी वितरण किया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्हें सालभर एक ही तरह के भोजन से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके। जिले के सभी राशन डिपो धारकों को बाजरा इस बार अंत्योदय परिवार योजना के राशन कार्ड धारकों को प्रति कार्ड दस किलो बाजरे के साथ 25 किलो गेहूं मिलेगा। बीपीएल परिवार के प्रति सदस्य को प्रति दो किलो बाजरा दिया जाएगा।

**कैथल-जींद मार्ग पर गांव किठाना में हुआ हादसा**

# दो बाइकों की टक्कर में चाचा की मौत, भतीजा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कैथल के गांव किठाना में दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका भतीजा घायल हो गया। हादसा कैथल-जींद मार्ग पर हुआ। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने राजौंद थाना में शिकायत दी है। गांव रोहेडा निवासी नसीब ने राजौंद थाना में दी शिकायत में बताया कि वह खेत मजदूरी करता है। उसका चाचा मनीष गांव किठाना में एचडीएफसी बैंक के पास बाइक रिपेयर का काम करता है। 12 सितंबर को वह उसके चाचा के पास गांव किठाना में उसकी दुकान पर गया हुआ था। चाचा मनीष बाइक पर गांव पेगा में निजी काम से गए थे। नसीब ने कहा कि गांव किठाना से पहले बने पैट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो बाइक ड्राइवर ने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे दोनों सड़क पर जा गिरे। इस हादसे में उसका चाचा मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। उसको मामूली चोटें आई। दूसरा बाइक ड्राइवर मौके से भाग गया।

### अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**जींद।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ठरी शाहजहांपुर यूपी निवासी चालक राजबीर ट्रक में सामान लोड कर हाइवे 152डी से अंबाला की तरफ जा रहा था। गांव भिड़ताना के निकट दूसरे ट्रक ने ट्क्कर मार दी। जिसमें टायर राजबीर के ऊपर चढ़ गया। वहीं गांव फरैण कलां के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हत्या का फरार आरोपित मुंबई से गिरफ्तार





- गांव घोघड़िया नाग पंचमी मेले में युवक की हत्या करने के बाद फरार हुआ था आरोपित

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव घोघडिय़ा में हमला कर युवक की हत्या करने के आरोपित को ठाणे मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से हत्या में शामिल अन्य आरोपितो के बारे पूछताछ कर रही है। गत 28 अगस्त को गांव घोघड़िया में पुरानी रंजिश के चलते नाग पंचमी मेले में गए गोबिंदा की कुछ युवकों ने हमला कर हत्या कर दी थी। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर गांव घोघड़िया निवासी सचिन समेत दर्जनभर युवकों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्यआरोपित सचिन फरार हो गया था।

**राहत** भारी बारिश और भूस्खलन से हाईवे टूट जाने के कारण बंद थी

# जींद डिपो से कटरा तक बस सेवा फिर से बहाल

**वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



पिछले दिनों पहाड़ों में हुई भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जींद से कटरा जाने वाली बस का संचालन बाधित हो रहा था। अगस्त माह के अंत में बस जालंधर से वापस लौट रही थी। जब धीरे-धीरे स्थिति में सुधार हुआ तो बस को जम्मू तक भेजा जाने लगा। अब बस पहले की तरह कटरा तक जा रही है। ऐसे में यात्रियों को राहत मिली है। जब बस जम्मू तक जा रही थी तो यात्रियों को आगे कटरा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का सहारा लेना पड़ रहा था। जींद बस स्टैंड से जम्मू कटरा के लिए जाने वाली बस में हर रोज लगभग 20 से 25 माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रोडवेज बस में जाते थे। आमतौर पर जींद से जम्मू कटरा के लिए बस सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर बस चलती है, जो नरवाना, संगरूर व लुधियाना होते हुए करीब 13 घंटे में शाम सात बजे कटरा पहुंचती है। जींद से कटरा की दूरी लगभग 575 किलोमीटर है। रोडवेज बस से कटरा जाने के लिए 750 रुपये किराया लगता है। यह बस कटरा में रात्रि ठहराव कर अगले दिन सुबह पांच बजे वाया पानीपत होकर दिल्ली के लिए वापसी करती है।

### कैथल रोडवेज का बेडा फिर से हुआ कम 15 बस कंडम हुई, नई नहीं मिल पा रही



**कैथल।** कैथल रोडवेज डिपो में 15 रोडवेज बसें कंडम हो गई हैं। इन बसों ने अपनी रूट की 10 साल वैधता पूरी कर ली है। इनके बदले में अभी डिपो में नई बसें नहीं आई हैं। कंडम बसों का लोकल रूटों पर सबसे ज्यादा असर दिखाई देने लगा है। स्कूल, कॉलेजों व दैनिक काम-धंधे पर जाने वाले यात्री परेशान हैं। यात्रियों की संख्या के अनुसार अब डिपो को नई बसों की जरूरत है। 10 साल से ज्यादा समय पूरा करने वाली बसों का हैड ऑफिस की नियुक्त तकनीकी टीम द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इसके बाद खराब या खटारा बसों को कंडम किया जाता है। इसके बाद डिपो रूट से बसों को हटा देता है। विदित रहे कि जिले की जनसंख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से डिपो में 250 रोडवेज बसों की आवश्यकता है, लेकिन अब डिपो के पास खुद की 177 बसें व 23 बसें (किमी स्कीम) यानी लीज की रह गई हैं। इन बसों के कंडम होने से पहले रोडवेज विभाग कैथल के पास खुद की 192 बसें थीं। 3 सालों में 10 बसें एसी के साथ लगभग 94 नई बसें बीएस डिपो 6 मिली थीं। 48 के करीब बसों को पानीपत, झज्जर, भिवानी भेज दिया गया।





## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।

# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खज़ाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें "सिकंदर साहिब" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।



कविता | कृष्ण लाल गिरधर



## हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,य्हा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे य्हा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, य्हा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



## गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छ्या, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औ' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़्या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दाता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी सै धन का।
हुनरबाज, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

धार्मिक नगरी | वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था



# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध

इतिहास | यशपाल गुलिया

प्र पाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।



झज्जर जिले के कस्बा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी

कलाकार | डॉ. तबस्सुम जहां



हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म 'कच्छे धारी' आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।

अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि 'मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।' गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म 'चंद्रावल' ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म 'पगड़ी' से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित 'दादा लखमी' ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।





## फिल्म 'दादा लखमी' से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म 'दादा लख्मी' गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम जीवन ज्योति तथा सुरक्षा बीमा लाभ उठाएं

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। सभी नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

### मानी धरना कमेटी की मांग, प्रदर्शन स्थगित

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय में चल रहे किसान, मजदूर संयुक्त मोर्चा उचाना धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि किसान पालाराम खटकड़ को पुलिस ने 14 सितंबर को उचाना पुलिस थाना में हाजिर होने का नोटिस जारी किया था। इस पर धरना स्थल पर फैसला लिया था कि अगर पुलिस ने ये नोटिस रद्द नहीं किया तो 14 सितंबर को किसान प्रदर्शन कर पाला राम खटकड़ के साथ पुलिस थाना चलकर गिरफ्तारी देगे।

### संस्था कराएगी जरूरतमंद कन्याओं का विवाह

**पूंडरी।** एक किरण उम्मीद की संस्था पूंडरी द्वारा सामाजिक सहयोग और जनसहभागिता से 5 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी 11 मार्च दिन बुधवार को पूंडरी के रजनी रॉयल पैलेस में होगा।
संस्था की ओर से जानकारी देते हुए अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि संस्था हमेशा से गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए कार्य करती आ रही है।

### सड़क के दोनों और खड़ी झाड़ियां बनी परेशानी

**राजौंद।** राजौंद से मंडवाल मार्ग पर सड़क के दोनों और खड़ी झाड़ियां लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। कई जगह पर तो यह झाड़ियां सड़क की और बिल्कुल झुक कर खड़ी है। जिससे वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगीर काफी परेशान हो चुके है। कई बार सड़क से साथ कच्चे में स्थान न होने के कारण पैदल व साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते है। लेकिन संबंधित विभाग का इस ओर कोई ध्यान नही है, जिसे लेकर लोगों में रोष है।

### गुरुद्वारे में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**राजौंद।** गांव मंडवाल के बैसाखी गुरुद्वारे में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव से आए हुए व्यक्तियों की बीपी शुगर व अन्य बीमारियों से संबंधित जांच की गई। जिन व्यक्तियों में बीपी शुगर की पुष्टि हुई उनके मौके पर ही दवाइयां दी गई। जिन मरीजों में टी बी के लक्षण लगे उनको बलगम टैस्ट करने के लिए स्लिप में सपुटम कप दिए गए तथा उनको कल सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में अपना बलगम टैस्ट कराने के लिए कहा गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप सिंह ने कहा कि गांव मंडवाल में लगे स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग लगभग 150 मरीजों ने स्वास्थ्य की जांच करवाया।

## व्यापारी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई से हड़कंप

# कैथल पुलिस का सूदखोरों पर शिकंजा, चार आरोपी गिरफ्तार

**एक आरोपी रिमांड पर बाकी जेल भेजे गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** सीआईए वन पुलिस की गिरफ्त में चार सूदखोर    फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने अवैध सूदखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू किया है। व्यापारी गुरमीत पुत्र बंता राम निवासी कुलतारण की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित को राहत मिली है, बल्कि पूरे जिले में यह संदेश गया है कि अब सूदखोरी का धंधा बर्दाश्त नहीं होगा।

शिकायतकर्ता गुरमीत ने बताया कि उसने व्यापार के लिए सूदखोरों से रकम उधार ली थी। मूलधन लौटाने के बावजूद आरोपी विक्रमजीत निवासी मानस, अभीषेक निवासी पट्टी अफगान, कुलबीर निवासी वजीर नगर और सतपाल सैनी निवासी सजुमा लगातार उससे मोटा ब्याज मांगते रहे। इतना ही नहीं, वे उसे धमकाने, गाली-गलौज करने और जबरन वसूली करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने लाखों रुपये नकद, जेवर और अन्य सामान भी छीन लिया। पीड़ित ने कहा कि यह गिरोह मिलकर लोगों को आसान पैसे का लालच देकर जाल में फंसा देता है और फिर कई गुना ब्याज वसूलता है। ब्याज न चुकाने पर मानसिक दबाव, मारपीट और अपमान तक किया जाता है। इस पूरे प्रकरण की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक कैथल ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए।

### चार दिन के रिमांड पर लिया

सीआईए-वन टीम ने सभी आरोपियों को दबोच लिया। इनमें से आरोपी कुलबीर को पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया है ताकि पूछताछ के जरिए उनके पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। शेष तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस तत्परता से साफ है कि अब सूदखोरों को कानून से कोई छूट नहीं मिलने वाली।

### आरोपियों से गहन पूछताछ जारी

डीएसपी हेडक्वार्टर बीर भान ने का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है। जांच में और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं। जिले में कई लोग सूदखोरों के चंगुल में फंसे हुए हैं, लेकिन डर के कारण शिकायत नहीं करते। ऐसे लोगों से पुलिस ने आगे आकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि पुलिस की यह सख्ती समाज के लिए राहत की बात है। अब लोगों में विश्वास जगा है कि अगर वे शिकायत करेंगे तो कानून उनका साथ देगा।

### दोषियों को कड़ी सजा दिलाएंगे

डीएसपी हेडक्वार्टर बीर भान ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सूदखोरी, धमकी या अवैध वसूली का सामना करना पड़े तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। दोषियों को कड़ी सजा दिलाना ही पुलिस का लक्ष्य है।

## देश आज महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा: लीला राम

# देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्वयं और समाज को करें जागरूक


पूर्व विधायक लीला राम का स्वागत करते कार्यकर्ता।    फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यशाला के अंतर्गत भाजपा मुख्यालय कपिल कमल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कैथल के पूर्व विधायक भाई लीला राम ने कार्यकर्ताओं को बताया कि इस सप्ताह भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के नाम से कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इसमें पूरे सप्ताह तक लोगों के बीच जाकर के राष्ट्र के प्रति देश के प्रति समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पूर्व विधायक लीला राम ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर बोलते हुए कहा कि सरकार द्वारा देश के आर्थिक तकनीकी और सामाजिक तानेबाने में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एक पहल की गई है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक विजन है कि देश की दिशा और दशा को बदलने की आवश्यकता है।

### मौजूद रहे

मौके पर उनके साथ तारा चंद स्वदेशी जागरण मंच प्रमुख, संजय जी विभाग प्रचारक, रविंद्र धीमन जिला आई टी प्रमुख, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजपाल तंवर, भाजपा जिला महामंत्री मुनीष शर्मा , आशा रानी पूर्व पार्षद, परवीन प्रजापति, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र क्योडक, मंडलाध्यक्ष आयुष गर्ग ,मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी , मंडल अध्यक्ष सतबीर शर्मा , अक्षरा गुप्ता , सीमा शर्मा, कमलजीत कौर, जग्गा सैनी, रामकुमार नैन, हरपाल शर्मा, अवधेश कुमार कुशलपाल सैन आदि उपस्थित रहे।

# 100 से अधिक पौधे लगाने वाले यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी का 17 को सम्मान

- जिला राज्यभर में पौधारोपण करके द्वितीय स्थान पर आ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** कार्यक्रम की रूपरेखा संबंधित मीटिंग लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी।    फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत जिला कैथल के सभी 932 स्कूलों के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी का पिछले दिनों प्रशिक्षण करवाया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने बताया कि चार दिवसीय प्रशिक्षण के बाद जिला कैथल राज्य भर में पौधारोपण करके द्वितीय स्थान पर आ गया है लक्ष्य का 79% प्रतिशत हासिल करके जिला कैथल ने 73609 पौधे लगा दिए हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को सुबह 9:00 माननीय उपायुक्त महोदया ऐसे इको क्लब प्रभारी को सम्मानित करेंगे जिन्होंने अपने विद्यालय में 100 से अधिक पौधे लगाकर पोर्टल पर अपडेट कर दिए हैं। सम्मानित किए जाने वाले इको क्लब प्रभारी की सूची भेज दी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा में आयोजित किया जाएगा। इसमें जिन प्रतिभागियों को बुलाया गया है वह सुबह 8:30 पहुंचना सुनिश्चित करें सुबह 8:30 से 9:00 बजे तक रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जाएगा।

## पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं: डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं । जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौशाला में युवा संसद

# सत्ता पक्ष ने दिए विपक्ष के सवालों के जवाब

- कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को जिम्मेदार जागरूक नागरिक बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल ।** चौशाला के राजकीय स्कूल में चल रही जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौशाला में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। बता दे कि इस प्रतियोगिता में चौशाला स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। यह कार्यक्रम एनसीईआरटी गुरुग्राम के तत्वाधान में जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी के निर्देशन में करवाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को जिम्मेदार जागरूक नागरिक बनाना तथा विद्यार्थियों में नेतृत्व जैसे गुना का विकास करना है। लोकतंत्र में संसद की कार्य प्रणाली को समझने व सिखाने में सक्षम बनाकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करवाना भी कार्यक्रम का उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में विपक्ष वालों का सत्ता पक्ष के द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। कार्यक्रम में जिला संसाधन इकाई प्रभारी राजकुमार रतन कुमार, जितेंद्र कुमार ने अहम भूमिका निभाई। बता दे कि इस कार्यक्रम की रूपरेखा राजनीति शास्त्र की प्राध्यापिका मीनू रानी द्वारा तैयार की गई थी तथा उनकी सहयोगी इतिहास की प्रवक्ता कमलेश देवी रही। कार्यक्रम में मनोज कुमार, हरदीप सिंह आदि ने अहम योगदान दिया। इस अवसर पर नाम के सरपंच दिलबाग, एमसी की प्रधान रीमा देवी, प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा का 'डबल इंजन' शासन भ्रष्टाचार बेरोजगारी अपराध का पर्याय बन : सुरजेवाला


रणदीप सुरजेवाला गुर्जर ढांड में न्याय अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड द्वारा आयोजित ढांड में 'न्याय अधिकार सम्मेलन' को हरियाणा के एससी-बीसी समाज, किसानों, व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं के लिए न्याय की ऐतिहासिक लड़ाई का प्रतीक बताया। यह सम्मेलन भाजपा की केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार की उन नीतियों के खिलाफ जन-आंदोलन है, जो संवैधानिक मूल्यों, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और आम नागरिकों के अधिकारों को कुचल रही हैं। हरियाणा में भाजपा का 'डबल इंजन' शासन भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध और अत्याचार का पर्याय बन चुका है। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में दोनों मुख्यमंत्री जनता के हितों को छोड़कर कॉमेडी शो चला रहे हैं। कपिल शर्मा कॉमेडी शो की तरह हरियाणा में नायब सैनी कॉमेडी शो और पंजाब में भगवंत मान कॉमेडी शो चल रहा है। सुबह तैयार होकर हेलिकॉप्टर में घूमते हैं, बीच बीच में चुटकुले सुना देते हैं। हंसी ठक्के करते हैं, मजाक उड़ाते हैं। मुख्यमंत्री का काम चुटकुले सुनाना व कॉमेडी शो करना नहीं होता बल्कि जिस जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है उनके हितों व अधिकारों की सुरक्षा करना होता है। मुख्यमंत्री का काम मजाक उड़ाना नहीं होता।

# मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**कैंथल।** कार्यशाला में मौजूद विधायक सतपाल जांबा, सुभाष हजवाना व अन्य।

पूंडरी के एक निजी पैलेस में भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत समाजहित के लिए किए जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से जुड़ें। सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से योगदान दें।

### मौजूद रहे

*इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष हजवाना ताराचंद स्वदेशी जागरण मंच प्रमुख, नरेंद्र, राजेश बिढान जिला संयोजक मन की बात कार्यक्रम, विना सेठी, धर्मेंद्र वाल्मीकि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एससी मोर्चा, मनोज मनोज राणा मंडल अध्यक्ष पूंडरी, सरोज प्रजापति मंडल अध्यक्ष करोड़ा, रोशन सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों ने किया कोर्ट का भ्रमण




**कैथल ।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के वाणिज्य विभाग एवं लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में नई शिक्षा नीति के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए बी.कॉम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए जिला कैथल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत के भ्रमण का आयोजन किया गया।
सर्वप्रथम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल श्री कंवल कुमार ने विद्यार्थियों को इंडियन कांट्रैक्ट एक्ट एवं सेल ऑफ गुड्स एक्ट जैसे अधिनियमों पर सरल एवं तकनीकी जानकारी दी।
उन्होंने विद्यार्थियों को कानून से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और विधिक प्रश्नों पर विस्तार से अपनी विशेषज्ञ टिप्पणियां प्रस्तुत कीं।

### शैली मुंजाल और बलविंद्र जांगड़ा को बनाया गुहला विधानसभा क्षेत्र का सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन



**कैथल।** भाजपा की जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल और मनोनीत पार्षद बलविंद्र जांगड़ा को हरियाणा सरकार ने गुहला विधानसभा क्षेत्र का सी.एम विंडो एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया है। इस जिम्मेदारी के बाद क्षेत्र की जनता की शिकायतो की निगरानी और समाधान सुनिश्चित करने का दायित्व अब इनके कंधों पर होगा। बता दें कि सरकार ने गुहला विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 व्यक्तियों को सी.एम विंडो का एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया है इसमें से 2 शैली मुंजाल व बलविंद्र जांगड़ा सीवन से हैं। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल सीवन की अध्यक्षा कृष्णा कश्यप के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों ने शैली मुंजाल को सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

### हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है : डॉ. ऋषिपाल

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पुंडरी में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ऋषिपाल प्रिंसिपल बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल ने छात्रों को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में बांधती है, हमारे देश के विकास के लिए हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग जरूरी है। हिंदी भारत ही नहीं पूरे विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। आपको आज ये प्रण लेना चाहिए कि हम हिंदी का पूरा सम्मान करेंगे और ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करेंगे ।

### खस्ता हालत से खफा ग्रामीणों ने करनाल पटियाला हाइवे पर लगाया जाम

**कैथल ।** गांव कौल में सड़कों की खस्ता हालत से खफा ग्रामीणों ने करनाल से पटियाला मार्ग को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि कौल गांव में नहर से लेकर जनता कॉलेज तक सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बीते दिन भी यहां एक युवक का एक्सीडेंट हो गया था। ग्रामीणों ने कहा कि अगर सड़क नहीं बनवा सकते तो सड़क किनारे लगी लाइटों को चालू किया जाए, क्योंकि अंधेरे में यहां किसी प्रकार का कोई व्यक्ति नहीं दिखता और न ही गड्ढा दिखता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत लाइट का बिल लोगों के बिलों में जोड़कर देती है, जबकि पूरा गांव स्ट्रीट लाइट न जलने के कारण अंधेरे में रहता है।

## हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन से फल्गु लोककला महोत्सव संपन्न

# कवियों की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं की तालियां बटोरी

- सिया के राम में राम कथा की गीतकार चरणजीत की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**कैंथल।** तीन दिवसीय लोककला महोत्सव कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते कवि और हास्य कलाकार।    फोटो : हरिभूमि

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव रविवार को संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री,कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, अध्यक्ष सुभाष गर्ग, सुप्रसिद्ध समाजसेवी, कैथल, विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह, समाज सेवी, दिल्ली, डॉ. पवन वर्मा, निदेशक,आकाशवाणी केंद्र, हिसार और विख्यात समाजसेवी विजय सिंगला ने दीप प्रज्वलन से किया। जिसके बाद अतिथियों और कवियों का स्वागत आयोजक समिति की ओर से फूल माला,अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कवयित्री अनामिका वालिया शर्मा ने सरस्वती वंदना और कविताओं से देश प्रेम का संदेश देते हुए खूब तालियां बटोरी। । उनके बाद सुप्रसिद्घ हरियाणवी हास्य कलाकार संजीत कौशिक ने अपने हरियाणवी हास्य-मखौल से उपस्थित श्रोताओं को हंसाकर तालियां बटोरी। हरियाणवी कवि प्रदीप सिंह ने समाज पर व्यंग्य करते हुए अपनी कविता बाबू भगवान है से श्रोताओं को प्रभावित किया। विख्यात हास्य कलाकार आजाद दुहन के मंच पर आते ही उपस्थिति श्रोताओं ने उनकी जोरदार अभिनंदन किया। दुहन ने अपने हरियाणवी हास्य-मखौल से हास्य के माध्यम से समाज को हास्य-मखौल के माध्यम से समाज को भाई-चारे का संदेश दिया। कवयित्री अनामिका वालिया ने अपनी दर्शकों के आग्रह पर दिनेश शर्मा दिनेश को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया।

### सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे

*फल्गु महोत्सव के संयोजक दिनेश शर्मा दिनेश ने सभी आमंत्रित अतिथियों, कवियों, कलाकारों और उपस्थित दर्शकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में दिल्ली से वरिष्ठ टीवी पत्रकार पवन कुमार शर्मा विकास गर्ग, आशा, प्रवीण सिंह, दीपक गुप्ता, पंकज वर्मा, प्रवीण कुमार, संजीव राणा, कपिल वर्मा, तरसेम, हर्ष राणा के साथ-साथ सैंकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।*

### फल्गु उत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम जरूरी

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने फल्गु लोककला उत्सव का हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत आयोजन के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा सरकार को साधुवाद दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष गर्ग ने सुंदर प्रस्तुति के लिए सभी कवियों और कलाकारों को साधुवाद दिया और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग का धन्यवाद किया। विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति को बढ़ाने और सुरक्षित रखने के लिए हमें फल्गु उत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अपनी नई पीढ़ी को इससे जोड़ना चाहिए। तभी हम हरियाणवी संस्कृति का संरक्षण कर सकेंगे।' डा. पवन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संस्कृति के साथ जोड़े रखने का बेहतरीन साधन हैं। इसीलिए आकाशवाणी हिसार से फल्गु लोककला महोत्सव पर विशेष कार्यक्रम भी श्रोताओं के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय सिंगला ने भी अपने विचार प्रकट किये।

## खबर संक्षेप

### नौगामा खाप चबूतरे के पास से पौधे उखाड़े, रोष

**जींद।** भाकियू प्रवक्ता रामराजी पोंकरीखेड़ी ने बताया कि नौगामा खाप के गांव रामराय में निर्माणाधीन नौगामा खाप चबूतरे पर लगाए गए सभी 250 पेड़ किन्हीं असमाजिक और गंदे लोगों के द्वारा उखाड़ दिए गए हैं। ये पेड़ बुजुर्गों ने भीषण गर्मी में बहुत ज्यादा मेहनत करके लगाए थे और उनको अपने बच्चों की तरह से देखभाल कर रहे थे। 21 गांवों की सभी 36 बिरादरी के सहयोग से इस चबूतरे का निर्माण किया जा रहा है। अगर किसी को कोई नाराजगी थी तो इसके बारे में बोल सकता था लेकिन पेडों को उखाडऩा सही नही है। ऐसा करने वाले व्यक्ति को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। नौगामा खाप से भी अपील है कि ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

### स्कूल का ताला तोड़ राशन व कंप्यूटर उपकरण चुराए

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ सरकारी स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर सीपीयू, टूल किट, मिड-डे मिल राशन को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किलाजफरगढ़ सरकारी स्कूल के मुखिया सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर कंप्यूटर ,सीपीयू, बैटरी, टूल किट, लैब उपकरण, मिड डे मिल, रसोई से दो सिलेंडर, राजमाह, चना तेल, सोया, गुड़, हल्दी, जीरा, साबुन समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

### 17 सितंबर को उचाना व जींद में रक्तदान शिविर

**उचाना।** रक्तदान का महाअभियान के तहत 17 सितंबर को रक्तदान महोत्सव-2 मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा देशभर में ये आयोजन एक ही दिन किए जा रहे है। आईएमए जींद के प्रधान डॉ. अनिल जैन ने बताया कि जींद के तेरापंथ भवन में आयोजित कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा जींद के प्रधान नरेश जैन पहुंचेंगे। उचाना में तेरापंथ युवक परिषद उचाना मंडी के सान्निध्य में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका चेयरमैन विकास काला पहुंचेंगे।

### मनरेगा मजदूरों व मेट की तरफ ध्यान दें सरकार

**जींद।** अलेवा खंड के मनरेगा मेट की बैठक जिला प्रधान सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि आज महंगाई का दौर चल रहा है। इसके चलते गरीब मजदूर का गुजारा मुश्किल हो रहा है और कुछ हालत बारिश ने भी खराब कर दिए हैं। सरकार और प्रशासन ने भी मनरेगा कार्यों को रोक दिया, जोकि मनरेगा मेट और मजदूरों के पेट पर लात मारने जैसा है। मनरेगा मेट और मजदूर हमेशा से ही सरकार की रीढ़ की हड्डी रहे हैं। सरकार की हर योजना और कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रणी रहे हैं। पिछले लंबे समय से मांग रखते आ रहे हैं। मनरेगा मेट को मासिक मानदेय दिलाने, मजदूरों को 200 दिन काम व 700 रुपये मजदूरी शामिल है।

### पहले मजदूरों की समस्याएं दूर करें प्रदेश सरकार

**उचाना।** जींद भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक इकाई के जिले के मुख्य पदाधिकारी की बैठक उचाना इंटक कार्यालय में हुई। जिला प्रधान सतीश बड़ौदा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। सतीश बड़ौदा ने बताया कि सरकार द्वारा 17 सितंबर को सरकार द्वारा मजदूर सम्मान समारोह रोहतक में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। इंटक यूनियन जिला जींद से भारी संख्या में रोहतक पहुंचकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि बाढ़ ग्रस्त एरिया में मजदूरों के मकान काफी गिर चुके हैं और मजदूरों को बाढ़ ग्रस्त एरिया में काम भी नहीं मिला है। मजदूरों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है और निर्माण मजदूरों का2 महीने से पोर्टल बंद किया गया है।

---

सब्जी मंडी में करोड़ों की दुकान बनी सफेद हाथी, आढ़ती भूखे मरने की कगार पर

# जुलाना क्षेत्र में फल एवं सब्जी की खेती नहीं होने के चलते फ्लॉप हो गई मंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना क्षेत्र में फल एवं सब्जी की खेती नहीं होने के कारण जुलाना की फल एवं सब्जी मंडी फ्लॉप हो गई है। मंडी में फल एवं सब्जी का काम नही चलने के कारण मंडी में फल एवं सब्जी मंडी की दुकाने सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। करोड़ों रुपये दुकान में लगाने के बाद एवं फल एवं सब्जी का काम नहीं चलने के कारण आढ़ती भूखे मरने की कगार पर आ गए हैं। दुकानदारों ने कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा से इन दुकानों पर जब तक फल एवं सब्जी मंडी कामयाब नहीं होती अनाज मंडी के लाइसेंस बनवाने की मांग की है ताकि आढ़ती अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। जुलाना की नई अनाज मंडी में स्थित फल एवं सब्जी मंडी में आढ़त का काम करने के लिए खुली बोली पर वर्ष 2021 में प्लाट आढ़तियों ने लिए थे और उन प्लाटों पर दुकानों का निर्माण करके मार्केट कमेटी से लाइसेंस लेकर सब्जी व फल का काम शुरू आढ़तियों ने किया था। लाइसेंस लिए हुए आढ़तियों ने तीन वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन सब्जी व फल के कार्य में कोई कामयाबी नहीं मिली। दो वर्ष तक फल एवं सब्जी का कार्य भी किया। मगर जींद, रोहतक, गोहाना, महम की मंडी नजदीक होने व जुलाना क्षेत्र में सब्जी एवं फल की खेती नही होने के कारण इस व्यापार में आढ़तियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिसके कारण मंडी नहीं चल सकी। आढ़ती अरुण, सतीश कुमार, संदीप कुमार, तेजा, राजपाल, साहिल, राकेश कुमार व सुरेंद्र ने बताया कि फल एवं सब्जी मंडी के नहीं चलने का कारण जुलाना के क्षेत्र में सब्जी व फल की लोक बिजाई नही होना है। जुलाना एवं इसके आसपास के क्षेत्र में धान व गेहूं की फसल किसान उगाते हैं। फल एवं सब्जी की खेती होती नही, जिसके कारण आढ़तियों का कारोबार नहीं चलने के कारण आढ़ती भूखमरी की कगार पर आ गए हैं। क्योंकि आढ़तियों ने अपनी जमा पूंजी दुकान तथा कारोबार में लगा दी है। आढ़तियों ने कृषि मंत्री से मिलकर मांग की है कि जब तक सब्जी एवं फल मंडी कामयाब नहीं होती एवं सब्जी की की दुकानों पर अनाज मंडी के लाइसेंस बनाए जाएं ताकि आढ़ती अपना रोजगार चला सकें।



**जुलाना।** नई अनाज मंडी में स्थित फल एवं सब्जी की दुकानों का फोटो।

#### आढ़तियों को हो रहा लाखों का नुकसान

मंडी एसोसिएशन प्रधान पवन ने बताया कि जुलाना क्षेत्र एवं इसके आसपास के एरिया में धान एवं गेहूं की फसल ज्यादा होती है। फल एवं सब्जी का एरिया नहीं के बराबर है। जुलाना की फल एवं सब्जी मंडी में कुछ आढ़तियों ने दुकान बना कर काम शुरू किया था। एरिया में फल एवं सब्जी का एरिया कम होने के कारण मंडी नही चल सकी। आढ़तियों को लाखों रुपये का नुकासन हो गया। ज्यादातर एरिया में धान एवं गेहूं की फसल किसान उगाते हैं। मंडी में करीब 50 लाख बोरियां धान की एवं 20 लाख बैग गेहूं के आते हैं। फल एवं सब्जी मंडी की दुकानों पर अनाज मंडी का लाइसेंस बना जाए तो जो मार्केट कमेटी के दुकानों के लिए खाली प्लाट पड़े हैं, वो भी बिक सकते हैं। जिससे सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी और फल एवं सब्जी मंडी के आढ़तियों को भी रोजगार मिल सकेगा।

#### वर्ष 2012 में शुरू हुई थी जुलाना की फल एवं सब्जी मंडी

जुलाना की अनाज मंडी में स्थित फल एवं सब्जी मंडी अनाज मंडी के साथ ही वर्ष 2012 में शुरू हुई थी। जुलाना में नई अनाज मंडी में स्थित सब्जी एंव फल मंडी में टोटल 54 दुकानें एवं बूथ हैं कई बार खुली बोली दुकानों की आई मगर अभी तक केवल सात दुकानें ही बिकी है। अगर इन दुकानों पर अनाज मंडी की लाइसेंस कुछ समय के लिए जारी कर दिया जाए तो बाकी बची दुकानों मार्केट रेट से करीब 20 लाख रुपये ज्यादा बिक जाएंगे क्योंकि जुलाना क्षेत्र में चौव्वा ऊपर होने के कारण गेहूं एवं धान की फसल ही किसान उगाते हैं। फल एवं सब्जी मंडी के सभी सात दुकानदार फल एवं सब्जी मंडी के दुकानों पर अनाज मंडी के लाइसेंस जारी करवाने के लिए सहमत हैं।

#### जुलाना क्षेत्र में पिछले पांच वर्ष का फल एवं सब्जी मंडी का क्षेत्र

जुलाना क्षेत्र में फल एवं सब्जी का एरिया काफी कम है। जिसके कारण फल एवं सब्जी मंडी फ्लॉप हो गई और आढ़तियों ने अपनी जमा पूंजी दुकान खरीदने व सब्जी का काम करने में लगा दी। जिसके कारण आढ़ती भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। बागवानी विभाग के एचडीओ नवीन राणा से लिया गया फल एवं सब्जी का जुलाना क्षेत्र का एरिया। वर्ष 2021 से 2025 तक

| वर्ष सब्जी | बाग | फल (एकड़) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 250 | 23 |
| 2022-23 | 240 | 16 |
| 2023-24 | 260 | 19 |
| 2024-25 | 270 | 09 |
| 2025-26 | 90 | 07 |

---



**जींद।** पौधे वितरित करते हुए आशुतोष शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## वुड स्टॉक स्कूल ने रानी तालाब पर रोपित किए एक हजार पौधे

- पर्यावरण संरक्षण में उठाया एक बड़ा कदम : आशुतोष शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

वुडस्टॉक स्कूल की तरफ से रविवार को रानी तालाब पर पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष शर्मा ने की। जिसमे एक हजार छायादार, औषधीय, फलदार और फूल वाले पौधों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम पौधों के वितरण के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। आशुतोष शर्मा ने कहा कि पेड़ व पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। जो ऑक्सीजन देने के साथ प्राणी जीवन का अस्तित्व को बनाए रखते हैं। वायु प्रदूषण को कम करके वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। पौधे छाया, फल देने के साथ तापमान को संतुलित करते हैं। उन्होने कहा कि उनका लक्ष्य केवल पौधा वितरण तक सीमित नही है बल्कि वितरण किए गए पौधों को पेड़ बनाना है। उसका प्रयास प्रकृति को हरियाली और जीवन को संजीवनी देना है। पौधे वितरण के दौरान नरेंद्र नाथ शर्मा, राजेश शास्त्री, केशव तिवारी, अतुल चौहान, राजकुमार भोला, दिनेश सैनी, सुशील मंगला, गौरव, मुकेश, प्रो. जितेंद्र, कुलदीप, सोनू, तिलक जिंदल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### सतीशा देवी बनी सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन


सतीशा देवी।

**उचाना।** सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की सूची में उचाना हलके से एक महिला सहित पांच सदस्य मनोनित किए गए। ब्लॉक समिति चेयरमैन रही एवं वार्ड नंबर 2 से पार्षद सतीशा देवी को सदस्य मनोनित करने पर सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। सतीशा देवी ने कहा कि निरंतर संगठन में जिम्मेदारी के साथ जो भी जिम्मेदारी दी गई है वो उसको निष्ठा से निभाने काम करेंगी। इससे पहले कष्ट निवारण समिति गैर सरकारी सदस्य भी उन्हें बनाया गया। कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देने का काम पार्टी करती है जो निष्ठा से संगठन के लिए कार्य करता है।

---

## आदिकाल से कमेरा, मेहनतकश व परोपकारी जनमानस की भूमि रहा हरियाणा : मंत्री

- बाबा मस्तनाथ हमेशा रहे परोपकार के पैरोकार : बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा आदिकाल से कमेरा, मेहनतकश तथा परोपकारी जनमानस की भूमि रहा है। यहां के लोग हमेशा सनातन एवं अध्यात्मवाद को मानते आए हैं और गरीब, बेसहारा तथा जरूरतमंद की सेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। सिद्ध शिरोमणि श्री बाबा मस्तनाथ महाराज भी अपने जीवन में समाज की सेवा तथा परोपकार के पैरोकार रहे। बाबा मस्तनाथ की शिक्षाएं वर्तमान में भी मेहनती एवं कर्मशील व्यक्ति के लिए बराबर आदर्श का काम कर रही हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को जाट धर्मशाला में रैबारी समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह कार्यक्रम समिति द्वारा रैबारी समाज के छात्र एवं खिलाड़ियों के सम्मान में 6वें वार्षिक समारोह के रूप में आयोजित किया गया था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सनातन में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपना कार्य शुरू करने से पहले भगवान से सर्व समाज के कल्याण की कामना करता है। अध्यात्मवाद में सम्माहित सर्व कल्याण की परिकल्पना को साकार करने के लिए मौजूदा केंद्र व राज्य सरकार निरन्तर अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है। मौजूदा परिपेक्ष्य में सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य परिवार को भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार दे रही हैं।


**नरवाना।** कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर जींद में रक्तदान शिविर आज

## कांग्रेस पार्टी प्रभावी तरीके से निभा रही विपक्ष की भूमिका: रिषिपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

कांग्रेस पार्टी के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने रविवार को पिल्लूखेड़ा के कर्ण महल में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भले ही भाजपा के षडयंत्रों के चलते कांग्रेस पार्टी को विपक्ष में बैठने की जिम्मेदारी मिली हो, लेकिन कांग्रेस अपनी भूमिका को बड़े ही जिम्मेदारीपूर्ण व प्रभावशाली तरीके से निभा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह से निराश या हताश होने की आवश्यकता नही है। आज समय की मांग है कि कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं और जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाएं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अकेले जींद जिले में अढाई सौ से अधिक गांव बाढ़ एवं जलभराव से ग्रस्त हैं। पोर्टल-पोर्टल का खेल छोड़.कर पीड़ित किसानों व अन्य नागरिकों को तुरंत प्रभाव से पर्याप्त मुआवजा प्रदान करें। उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस जल्द ही हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत जिले के गांव-गांव में जाएगी, ताकि पार्टी संगठन को व अधिक मजबूत किया जा सके। सोमवार 15 सितंबर को रविदास धर्मशाला में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्म दिन पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया।


**जींद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल चौहान, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस सुखबीर, दिनेश जामनी, सारंग शमशेर ढाठरथ, राजू राणा, यशपाल रेढू, अमित कुंडू, सतपाल प्रधान, संजीव, विजय मोर, हरपाल, वरुण खर्ब, संसार देशवाल, जेपी रूहिल, इशाक भट्टी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## कैथल में 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल में एक कॉलोनी में 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी पड़ोस का ही रहने वाला है, विरोध करने पर उसने मारपीट भी की। छेड़छाड़ के बाद किसी को इस बारे में बताने पर लड़की को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

लड़की के पिता ने शहार थाना में दी शिकायत में बताया कि 13 सितंबर को उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी अपने घर पर काम कर रही थी। उस दौरान परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। लड़की घर पर अकेली थी। उसे अकेली देखकर प्रवीन नामक आरोपी उनके घर में घुस गया और लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पिता ने कहा कि जब लड़की ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ हाथापाई व मारपीट की। बाद में किसी को घटना के बारे में जानकारी देने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। डरी सहमी लड़की ने जब परिवार को इस बारे में बताया तो उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

#### मिली है शिकायत

शहर थाना एसएचओ गीता ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## खटीक धर्मशाला में दो लोगों का उत्पात डिप्टी स्पीकर का शिलान्यास पत्थर तोड़ा

- पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पटियाला चौक हांसी रोड के निकट संत नगर स्थित खटीक धर्मशाला में में दो लोगों ने जमकर तोड़ फोड़ की। यहां तक की धर्मशाला में लगाए गए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के शिलान्यास पत्थर को भी तोड़ डाला। यहां मौजूद खटीक बिरादरी के लोगों ने जब तोड़ फोड़ कर रहे लोगों को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ गाली गलौज की और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने धर्मशाला के कोषाध्यक्ष की शिकायत पर दोनों आरोपितों के खिलाफ तोड़ फोड़ करने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने सहित विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना से समाज के लोगों में भारी रोष है।


**जींद।** धर्मशाला में तोड़ा गया शिलान्यास पत्थर। फोटो : हरिभूमि

#### निर्माण कार्य जारी

खटीक धर्मशाला के कोषाध्यक्ष सावित्री नगर निवासी रामसिंह ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संत नगर में समाज के लोगों द्वारा धर्मशाला का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने साढ़े 17 लाख 90 हजार रुपये का अनुदान दिलवाने में सहायता की हुई है। जिस पर समाज के लोगों द्वारा धर्मशाला में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के नाम से शिलान्यास बोर्ड लगवाया गया था। गत छह सितंबर को समाज के लोगों ने धर्मशाला में अपने अराध्य को लेकर भंडारे का आयोजन किया गया था। उस दौरान वहां पर समाज के नानक चंद पुत्र खैराती लाल निवासी सावित्री नगर व उसका चचेरा भाई राकेश पुत्र ओमप्रकाश वासी सावित्री नगर भी वहां मौजूद थे।

---


**जींद।** अस्पताल के मुख्य गेट पर चला हुआ निर्माण कार्य तथा अस्पताल के वैकल्पिक गेट खुलने पर लगा ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा। फोटो : हरिभूमि

## नागरिक अस्पताल के बंद गेट को फिर से खोला

- लगभग 15 करोड़ की लागत से हो रहा है जीर्णोद्धार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय नागरिक अस्पताल के बंद गेट को फिर से खोल दिया गया है। मुख्य गेट पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण अस्पताल प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा है। ऐसे में गेट के सामने फिर से वाहनों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। जो अस्पताल में आने वाले मरीजों व तिमारदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि दो दिन में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और फिर से गेट को बंद कर दिया जाएगा।

**लगभग 15 करोड़ से हो रहा है जीर्णोद्धा कार्य:** नागरिक अस्पताल में पिछले दस दिनों से 14.90 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार के कार्य करवाए जा रहे हैं। पुरानी इमारत को मजबूत बनाने, नए सुविधाओं को जोडऩे पर यह राशि खर्च हो रही है। ऐसे में अस्पताल के मुख्य गेट को भी ठीक करवाया जा रहा है।

#### निर्माण कार्य शुरू होने के चलते वैकल्पिक गेट को खोला : पीएमओ

जीएच के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और जल्द ही सभी सुविधाओं को पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य गेट पर भी जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। जिसके चलते कॉलेज के सामने वैकल्पिक गेट को खोला गया है। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मदद से निगरानी बढ़ा दी है।

---


स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से नप को लिख रहा पत्र, 39वां रिमांडइर

## ...नागरिक अस्पताल से बंदरों का आतंक नहीं हो रहा समाप्त

- अस्पताल में आए दिन लोग बंदरों के आतंक का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही जा रही है लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। जिस पर संघ द्वारा उपायुक्त के संज्ञान में भी मामला लाया गया है। एक बार फिर से स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने 39वां रिमाइंडर भेज समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। जिससे अस्पताल में आने वाले लोगों को राहत मिल सके।


**जींद।** अस्पताल में मौजूद बंदरों का झुंड। फोटो : हरिभूमि

#### 24 मार्च के बाद फिर नही आई बंदर पकडऩे वाले

बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद 23 फरवरी को 14 बंदर, तीन मार्च को आठ बंदर, पांच मार्च को दो बंदर पकडऩे वाली टीम नागरिक अस्पताल आई थी और बंदर पकड़े थे। लेकिन आजतक भी टीम दोबारा बंदर पकडऩे के लिए नही आई है।

#### अब तो कार्यालयों व ओपीडी में भी घुसने लगे बंदर

सुपरवाइजर संघ के प्रधान राममेहर वर्मा ने बताया कि संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को पत्र लिखे जा रहे हैं कि अस्पताल में बंदरों का आतंक है और आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इस समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। अस्पताल परिसर में बंदरों की संख्या इतनी है कि इन्हें भगाना भी नामुमकिन है। झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही हैं। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी है परंतु अभीतक कोई समाधान नही हुआ है। वर्मा ने बताया कि उपायुक्त ने इस मामले में स्व संज्ञान लेते हुए नप अधिकारियों को आदेश दें कि अस्पताल में स्पेशल तौर पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया जाए ताकि नागरिक अस्पताल में कार्य करने वाने चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005